हिन्दी भाषा

a2zSubjects.com

2017 Annual

Time : Three Hours] *[Maximum Marks : 75*
[Manimum Pass Marks : 26

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

इकाई - 1

1. (अ) निम्नलिखित उक्तियों में से किसी एक का पल्लवन कीजिये : 5
   - (i) कवि अपने युग का प्रतिनिधि होता है।
   - (ii) मन के हारे हार है मन के जीते जीत।
   - (iii) गांधी टोपी की उमंग और है, गांधीत्व की गन्ध और।
   - (iv) तेते पॉव पसारिए जेती लॉंवी सौर।
   - (v) हिंसा बुरी चीज है पर दासता उससे भी बुरी है।

   (ब) किसी अखबार के संपादक को सड़क खराब होने पर एक ध्यानाकर्षण पत्र लिखिये। 5

   या बैंक के शाखा प्रबंधक को बैंक ऋण हेतु एक आवेदन-पत्र लिखिये।

   (स) निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों के हिन्दी रूप लिखिये (कोई पाँच) : 5
   (i) Custodian (ii) Wireless Operator (iii) Anesthesia (iv) Optical illusion (v) Xeros (vi) Accountant (vii)Disbursing Officer (viii) Geologist

इकाई - 2

a2zSubjects.com

2. (अ) निम्न लोकोक्तियों में किन्हीं पाँच का वाक्य बनाकर अर्थ स्पष्ट कीजिये : 1-1
   (i) बगल में लड़का नगर में टेर (ii) दूर के ढोल सुहावने (iii) कहै खेत की सुनै खलिहान की (iv) एक तवे की रोटी क्या मोटी क्या छोटी (v) ओछे की प्रीति बालू की भीत (vi) उतर गई लोई तो क्या करेगा कोई (vii)बिन माँगे मोती मिले, माँगे मिले ना भीख (viii) अपनी करनी पार उतरनी

   (ब) निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच शब्दों के शुद्ध रूप लिखिये : 1-1

(i) त्रिण	(ii) क्रोधित	(iii) चिन्ह	(iv) दुख
(v) निर्दोषी	(vi) नराज	(vii) श्रोत	(viii) बन्दना

   (स) निम्नलिखित में किन्हीं पाँच के विलोम लिखिये : 1-1

(i) अधम	(ii) अतिवृष्टि	(iii) आकर्षण	(iv) आश्रित
(v) आहार	(vi) आगामी	(vii) कृतज्ञ	(viii) प्रसारण

इकाई - 3

3. (अ) देवनागरी के अन्य क्या-क्या नाम हैं ? इसके प्रारम्भिक स्वरूप पर प्रकाश डालिये। 8

   या देवनागरी नाम के सम्बन्ध में विद्वानों ने क्या मत प्रकट किया है ?

   (ब) मानक भाषा की क्या आवश्यकता है ? आधुनिकीकरण की प्रक्रिया से मानक भाषा पर क्या प्रभाव पड़े हैं ? 7

   या क्षेत्रीय प्रभाव के अनुरंजित मानक हिन्दी का क्या अर्थ है ? संक्षेप में वर्णन कीजिये।

इकाई - 4

a2zSubjects.com

4. (अ) कम्प्यूटर के आगमन ने हिन्दी भाषा को एक नया आयाम दिया है। स्पष्ट कीजिये।

   या कम्प्यूटर और भाषा के बीच द्विपक्षीय एवं द्विभाषात्मक सम्बन्ध हैं। कैसे ? 8

   (ब) निम्नलिखित पदनामों का हिन्दी रूप लिखिये (कोई सात) : 7
   (i) Authority (ii) Ambassador (iii) Clerk (iv) Commissioner(v) Financial Advisor (vi) Honorary Magistrate (vii) Nurse (viii) Notary (ix) Secretary General (x) Tourism

इकाई - 5

5. (अ) संक्षेपण में जिन बातों से बचना चाहिये, उनका उल्लेख कीजिये। 5

   या संक्षेपण की सारांश, आशय, भावार्थ और मुख्यार्थ से तुलना कीजिये।

   (ब) अग्रलिखित अवतरण का संक्षेपण करते हुए, उचित शीर्षक दीजिये : 10

बुद्धि और सहज ज्ञान दोनों अलग-अलग वस्तुएँ हैं या नहीं, इस विषय में पहले भी मतभेद था और आज भी है। किन्तु मनुष्य सृष्टि को दो दृष्टियों से देखने का आदी रहा है। एक दृष्टि बुद्धि की दृष्टि है, जिससे विज्ञान का विकास हुआ है। दूसरी दृष्टि हृदय की है, जिसका सहारा सन्त, महात्मा, कवि और कलाकार लेते हैं। प्राचीनकाल में दृष्टा की उपाधि उन्हें दी जाती थी और हृदयवादी होते थे, जो सत्य को समझते ही नहीं, देख भी लेते थे। किन्तु अठारहवीं सदी में विज्ञान के प्रारम्भ के बाद बुद्धि प्रधान हो उठी और बुनियादी व्याख्या से ही मनुष्य को अधिक संतोष होने लगा। विज्ञान के किरणों के सामने जब धर्म फीका पड़ने लगा, अंधविश्वास की परम्परा बिखरने लगी, तब धर्म और धार्मिक परम्परा का समर्थन करने के लिये भी सहजज्ञान वाली परम्परा का सहारा लिया गया, किन्तु ज्ञान और बुद्धि की स्थिति में अन्तर है। बुद्धि से भूल इसलिये होती हे कि उसका साधन तर्क है और तर्क भ्रामक हो सकता है किन्तु सहजज्ञान आलोकित मनोदशा में सत्य के रहस्य का उद्घाटन करता है और वस्तुओं को उनके खण्डित रूपों में नहीं देख कर सम्पूर्णता में देखता है। बुद्धि गणक है जो गणित के न्याय को सत्य समझना चाहती है। सहज वृति स्वयं गौरव है, यह गणना करके नहीं वरन् क्षणमात्र में सत्य का पूरा स्वरूप देख लेती है।

a2zSubjects.com